POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीयकार्य/प्रेसविज्ञप्ति – दिनांक 30-10-2024

थाना दादरी पुलिस द्वारा चोरी की घटना का मात्र 04 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये हुए 3,57,260 रूपये बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 30.10.2024 को वादी द्वारा थाना दादरी पर तहरीर देकर अज्ञात चोर द्वारा वादी के चेम्बर में मेज की दराज से 3,61,000 रूपये चोरी कर लेने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 0518/2024 धारा 305 बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत कराया गया था।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **30.10.2024** को थाना दादरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मैनुअल इंटेलिजेंस व तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से मात्र 04 घण्टे के अन्दर उपरोक्त अभियोग का सफल अनावरण करते हुए चोरी करने वाला अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र जयवीर को उसके निवास स्थान से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये हुए 3,57,260 रूपये बरामद हुए है।

पूछताछ का विवरण-- अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि वह वादी के चैम्बर में गया था, उस समय वादी अपने पैसे गिन रहा था जो मैने देख लिया था और जैसे ही वादी अपने चैम्बर से बाहर गया तो मैं पोंछा लेने के बहाने अन्दर गया और मेज की दराज से पैसे चोरी करके अपने घर में छिपा दिये थे।

अभियुक्त का विवरण--

1. दीपक कुमार पुत्र जयवीर निवासी किराये का मकान, मौहल्ला न्यादरगंज, कस्बा व थाना दादरी गौतमबुद्धनगर मूल निवासी गांव पूठरी कला, थाना अहमदगढ़ जिला बुलन्दशहर उम्र 28 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 0518/2024 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ।

बरामदगी का विवरण--

चोरी किये गये 3,57,260 रूपये